परिपत्र संख्या-स0द0/25-क/261/कम्प्यूटर परि0सं0- 2122019 / 463 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(सचलदल अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 17 अगस्त , 2021

समस्त

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0),

ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्यपालक/वि0अनु0शा0),

असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी (सचलदल),

वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

विषय:-पान मसाला एवं इसके निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल एवं पैकिंग मैटेरियल के परिवहन के दौरान विशेष जॉच अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में।

परिपत्र दिनॉक 28-06-2021 से जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश के कतिपय जोन में आसूचना आधारित गुणवत्तापरक प्रवर्तन कार्य करते हुए पान मसाला एवं सुपाड़ी के वाहनों की परिवहन के दौरान जॉच में करापवंचन के महत्वपूर्ण मामले प्रकाश में लाये गये हैं। पान मसाला पर जी0एस0टी0 के कर की उच्च दर एवं सेस की देयता के कारण यह सदैव ही करापवंचन के दृष्टिकोण से संवेदनशील वस्तु रहा है। इसके निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सुपाड़ी एवं पैकिंग मैटेरियल की आपूर्ति हेतु बोगस पंजीयन प्राप्त करते हुए अपंजीकृत व्यापारियों को बिल ऑफ सप्लाई से आपूर्ति किये जाने की क्रियाविधि सामान्य रुप से प्रचलित है।

विभागीय एम0आई0एस0 पर उपलब्ध डाटा के अनुसार पान मसाला एवं तम्बाकू की आपूर्ति करने वाले पंजीकृत व्यक्तियों की इनवर्ड एवं आउटवर्ड आपूर्ति से सम्बंधित ई वे बिलों के जनरेट किये जाने के समय एवं आवृत्ति तथा वास्तविक रुप से होने वाली आपूर्ति का सम्यक विश्लेषण करते हुए राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से विशेष जॉच अभियान चलाया जाना आवश्यक एवं औचित्यपूर्ण है। अत: समविषयक माल का परिवहन करने वाले वाहनों की जॉच का विशेष अभियान पूरे प्रदेश में दिनॉक 20-08-2021 से 19-09-2021 तक चलाये जाने का निर्णय लिया गया है।

विशेष जॉच अभियान के कारण नियमित रुप से की जाने वाली जॉच प्रभावित नहीं होगी। प्रत्येक जोनल एडीशनल कमिश्नर द्वारा विशेष जॉच अभियान की दैनिक प्रगति रिपोर्ट इस पत्र के साथ संलग्न प्रारुप में ई मेल से सचल दल अनुभाग मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

17/8/2021

(मिनिस्ती एस.)

कमिश्नर,

वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

पृ0 प0 सं0 दिनॉक उक्त ।

प्रतिलिपि डिप्टी कमिश्नर(आई0टी0) वा0णिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेब साइट पर सुसंगत मेन्यू पर अपलोड कराने हेतु।

(सुधा वर्मा)

एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर

उत्तर प्रदेश।

पान मसाला, तम्बाकू एवं इसके निर्माण एवं पैकिंग मे प्रयुक्त होने वाले माल की विशेष जॉच अभियान की दैनिक प्रगति रिपोर्ट

विशेष जॉच अभियान की अवधि - दिनॉक 20-08-2021 से 19-09-2021 जॉच की तिथि -

क्र0सं0	जोन	व्यापारी का नाम	GSTN	माल का नाम	माल का मूल्य	सत्यापित किये गये ई वे बिलों की सं0	दोषी मामलों की सं0	अभिग्रहीत माल का मूल्य	कर एवं अर्थदण्ड की जमा धनराशि	वि0अनु0शा0 को अग्रिम जॉच हेतु सन्दर्भित मामलों की सं0
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.